श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 157, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण | प्रयागराज | मंगलवार, 12 जनवरी, 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## सड़क हादसे में केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक घायल, पत्नी और निजी सहायक की मौत

**केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक और उनकी पत्नी कर्नाटक में सोमवार को कार दुर्घटना में घायल हो गए। उनकी कार उत्तरा कन्नड़ के अंकोला तालुक में एक गांव के पास दुर्घटना का शिकार हो गई। उन्हें एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**





**पणजी, प्रेट्र।** केंद्रीय आयुष मंत्री श्रीपद नाइक सोमवार को हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे में उनकी पत्नी विजया और निजी सहायक की मौत हो गई है। नाइक उत्तरी गोवा से सांसद हैं। एक अधिकारी ने बताया कि यह हादसा कर्नाटक के उत्तरी कन्नड़ जिले के अंकोला के पास हुआ। 68 वर्षीय नाइक अपनी पत्नी विजया और निजी सहायक दीपक के साथ कार से कर्नाटक के धर्मस्थल से गोवा लौट रहे थे। कार में उनके साथ उनके नजदीकी साई किरण, सुरक्षाकर्मी और ड्राइवर भी थे।

अंकोला तालुका में होसकांबी के पास उनकी कार पलट गई। सभी लोगों को उत्तरी कन्नड़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी पत्नी विजया नाइक की मौत हो गई। इलाज के बाद श्रीपद नाइक की हालत स्थिर बताई गई है।

देर रात उन्हें बेहतर इलाज के लिए गोवा मेडिकल कॉलेज लाया गया। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत से बात की है और नाइक का उचित इलाज सुनिश्चित करने को कहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी गोवा के मुख्यमंत्री से बात की है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने हादसे पर दुख जताया है और नाइक की पत्नी की मौत पर गंभीर संवेदना व्यक्त की है। येदियुरप्पा ने ट्वीट कर नाइक के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की।

## किसानों को जिस प्राविधान पर आपत्ति है, उस पर हम चर्चा को तैयार : कृषि मंत्री तोमर



**भोपाल, राज्य ब्यूरो।** केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने सोमवार को मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिला मुख्यालय पर मीडिया से चर्चा में कहा कि 'हमने किसान यूनियन से बार-बार आग्रह किया है कि आपको नए कृषि कानून के जिस प्राविधान पर आपत्ति है, हमें बताए व चर्चा करें। हम चर्चा के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। 15 जनवरी को वार्ता का अगला दौर है। मुझे आशा है कि उस दिन किसान यूनियन के लोग चर्चा को आगे बढ़ाएंगे। उम्मीद है हम समाधान करने में सफल हो सकेंगे।' तोमर सोमवार शाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह सुरेश सोनी के निवास पर उनकी माता जी के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा- किसानों की बात को समझकर जो आवश्यक संशोधन किए जा सकते हैं, उन पर सरकार ने विचार करने का प्रस्ताव किसान यूनियन के समक्ष रखा है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह ने कहा कि जब कानून पर चर्चा होगी तभी तो यह पता चलेगा कि कौन सा प्रावधान किसानों के खिलाफ है। अदालत में जब चर्चा चल रही है, तो उस पर टिप्पणी करना ठीक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई पर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि कोर्ट मंगलवार को फिर सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट का फैसला सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने किसानों के साथ कई दौर की बातचीत की और कोशिश की कि रास्ता निकल आए। नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि जो किसान यूनियन का मत है, उस दृष्टि से कई प्रस्ताव भी उनको दिए गए, लेकिन उनके मन में कानून वापस लेना ही है, इसलिए किसी फैसले पर हम नहीं पहुंच पाए।

## पाकिस्तान को छोड़ सभी पड़ोसी देशों को कोविड-19 वैक्सीन देगा भारत

**भारत द्वारा बनाई गई कोरोना वैक्?सीन का पूरी दुनिया बड़ी बेसर्बी से इंतजार कर रही है। भारत ने इस वैक्सीन को सबसे पहले प्राथमिकता के आधार पर अपने पड़ोसी देशों को मुहैया करवाने की बात कही है। लेकिन इसमें पाकिस्तान शामिल नहीं है।**



**नई दिल्ली (जेएनएन)।** कोरोना संक्रमण से निपटने में जब हाइड्रोक्सीक्लोरोक्विन उपयोगी साबित हुई तब भारत दुनिया के लिए बड़ी उम्मीद के रूप में सामने आया था। दुनियाभर में 60 फीसद से अधिक वैक्सीन का निर्माण व आर्पूति करने वाला अपना देश अब कोरोना वैक्सीन हब के रूप में उभर रहा है। पड़ोसियों के साथ जापान, दक्षिण अफ्रीका व ऑस्ट्रेलिया जैसे देश कोरोना वैक्सीन के लिए भारत की तरफ आशाभरी नजरों से देख रहे हैं...

कई देश सरकार के स्तर पर बातचीत कर रहे हैं, जबकि कई ने सीधे वैक्सीन निमार्ताओं को ऑर्डर दिया है। मध्यम व कम आय वाले देशों के लिए गावीकोवैक्स एलायंस भी एक विकल्प है। इस गठबंधन में शामिल वैक्सीन निमार्ता देश अपने यहां उत्पादित होने वाली खुराक का कुछ हिस्सा गरीब व मध्यम आय वाले देशों को देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह चुके हैं कि भारत मानवता की रक्षा में बड़ी भूमिका निभाएगा। अपने देश में निर्मित हो रही कोविशील्ड व कोवैक्सीन की खुराक जरूरतमंद देशों को भी दी जाएगी।

भारत अपनी वैक्सीन उत्पादन व आपूर्ति की क्षमता में इजाफा करेगा। पाकिस्तान को छोड़कर सभी पड़ोसी देशों बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, श्रीलंका व अफगानिस्तान आदि को प्राथमिकता के आधार पर वैक्सीन प्रदान की जाएगी।

नेपाल : पड़ोसी देश ने 1.2 करोड़ वैक्सीन की मांग की है, जिसकी आपूर्ति की जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल ने भारत से अपनी 20 फीसद आबादी के लिए कोरोना वैक्सीन की खरीद में मदद मांगी है।

भूटानः सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया में बन रही ऑक्सफोर्डएस्ट्राजेनेका की कोविशील्ड वैक्सीन की 10 लाख खुराक के लिए आग्रह किया है।

म्यांमारः सीरम के साथ वैक्सीन की खरीद के लिए अनुबंध किया है। म्यांमार की स्टेट काउंसलर आंग सान सू की नए साल पर घोषणा कर चुकी हैं कि भारत से वैक्सीन की पहली खेप की खरीद के लिए अनुबंध हो चुका है। जैसे ही भारत में वैक्सीन के इस्तेमाल की मंजूरी मिल जाएगी हम उसके आयात की व्यवस्था करेंगे। म्यांमार ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के कोवैक्स कार्यक्रम व ग्लोबल एलायंस फॉर वैक्सीन एंड इम्युनाइजेशन (गावी) से भी वैक्सीन की आपूर्ति के लिए आग्रह किया है।

बांग्लादेशः कोविशील्ड की तीन करोड़ खुराक के लिए बांग्लादेश ने आग्रह किया है। पिछले साल नवंबर में वहां के बेक्सिमो फार्मा ने सीरम इंस्टीट्यूट के साथ करार किया है। बांग्लादेश को भारत में टीकाकरण की इजाजत मिलने का इंतजार था।

श्रीलंकाः भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कोलंबो में श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के साथ बातचीत के दौरान कोरोना वैक्सीन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था। इस बीच श्रीलंका ने संयुक्त राष्ट्र की कोवैक्स की खरीद के लिए भी पहल की है, जिस पर मध्यम व कम आय वाले 92 देशों को सब्सिडी देने का प्रावधान है।

मालदीवः वैक्सीन के लिए भारत के साथ बातचीत चल रही है।

अफगानिस्तानः भारत ने अफगानिस्तान को मदद का भरोसा दिया है। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच हाल ही में कोरोना वैक्सीन के वितरण को लेकर बातचीत हुई है।

ब्राजीलः राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो ने अपने देश में बढ़ रहे कोरोना के मामलों का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा। उन्होंने कोविशील्ड की 20 लाख खुराक प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने की मांग की है।

दक्षिण अफ्रीकाः सीरम इंस्टीट्यूट से कोविशील्ड वैक्सीन की 15 लाख खुराक की उम्मीद जताई गई है। दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य मंत्री ने गत दिनों घोषणा की है कि 10 लाख खुराक जनवरी के अंत तक आ जाएगी और बाकी अगले माह मिलेगी।

## यूपी में अब एक पाली में खुलेंगे 9वीं से 12वीं तक के स्कूल

**उत्तर प्रदेश सरकार ने स्कूलों को एक ही पाली में संचालित करने के लिए सुझाव मांगे थे। अब विशेष सचिव आर्यका अखौरी ने सभी डीएम व डीआइओएस सहित अन्य अधिकारियों को एक पाली में ही स्कूल खोलने का निर्देश दिया है।**



**प्रयागराज [राज्य ब्यूरो]।** यूपी बोर्ड से संबद्ध और अन्य शिक्षा बोर्डों के माध्यमिक स्कूल अब एक ही पाली में संचालित होंगे। यूपी सरकार ने कक्षा नौ से 12 तक के स्कूलों को सुबह 10 से दोपहर बाद तीन बजे तक खोलने का निर्देश दिया है। सभी जिलाधिकारी, डीआइओएस और अन्य अफसरों को इस पर अमल करने का निर्देश है।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने जिला विद्यालय निरीक्षकों से एक ही पाली में स्कूल संचालित करने के लिए सुझाव मांगे थे, यह कदम शीतलहरी और कोरोना वायरस के संक्रमण की दूसरी लहर को देखते हुए उठाया गया था। इससे पहले शासन ने पिछले साल 10 अक्टूबर को निर्देश जारी कर 19 अक्टूबर से प्रदेश के सभी शिक्षा बोर्डों के कक्षा नौ से 12 तक के स्कूलों को दो पालियों में सुबह नौ से 12 और दोपहर 12 से तीन बजे तक संचालित करने को कहा गया था, ताकि विद्यार्थियों के बीच शारीरिक दूरी का पालन हो।

इसी बीच स्वास्थ्य विभाग ने आदेश दिया कि जिन अभिभावकों की सहमति होगी, उनके बच्चों का स्कूलों में कारोना टेस्ट भी कराया जाएगा। इधर प्रदेश में शीतलहरी शुरू हो गई है। साथ ही कोरोना की दूसरी लहर का असर होने की आशंका है। ऐसे में शासन ने स्कूलों को एक ही पाली में संचालित करने के लिए सुझाव मांगे थे। अब विशेष सचिव आर्यका अखौरी ने सभी डीएम व डीआइओएस सहित अन्य अधिकारियों को एक पाली में ही स्कूल खोलने का निर्देश दिया है।

यूपी बोर्ड सचिव ने बताया कि एक ही पाली में छात्र-छात्राओं की तादाद अधिक होने पर उन्हें आनलाइन कक्षाओं का विकल्प सुझाया जा सकता है। वहीं एक दिन छोड़कर भी विद्यार्थियों को बुलाया जा सकता है। आनलाइन कक्षाएं नियमित चलने से कोर्स पूरा होगा।

बता दें कि शासन ने 10 अक्टूबर को आदेश दिया था कि प्रदेश के सभी शिक्षा बोर्डों के 9 से 12वीं तक के स्कूल 19 अक्टूबर से संचालित किए जाएं। स्कूलों को दो पाली सुबह नौ से 12 और मध्यान्ह 12 से तीन बजे तक छात्र-छात्राओं को बुलाने के निर्देश थे, ताकि उनके बीच शारीरिक दूरी का पालन हो। इसी बीच स्वास्थ्य विभाग ने आदेश दिया कि जिन अभिभावकों की सहमति होगी उनके बच्चों का स्कूलों में कोविड परीक्षण भी कराया जाएगा। इधर प्रदेश में शीतलहरी शुरू हो गई है साथ ही कोरोना की दूसरी लहर का असर होने की आशंका है। ऐसे में शासन ने निर्देश दिया है कि स्कूलों को एक ही पाली में संचालित किया जाए।

## टीकाकरण में रखें ख्याल कोई नेता नहीं तोड़ने पाए नियम : पीएम मोदी

**टीकाकरण अभियान के मसले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सभी मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक कर रहे हैं। इस बैठक में टीकाकरण अभियान की रूपरेखा पर मुहर लगेगी। बैठक में सभी राज्य टीकाकरण अभियान की तैयारियों का ब्योरा पेश करेंगे।**



**नई दिल्ली, जेएनएन/एजेंसियां।** भारत में शनिवार से शुरू होने जा रहे कोरोना टीकाकरण से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया है कि पहले चरण में जिन तीन करोड़ लोगों को टीका लगना है, उनमें स्वास्थ्यकर्मी और फ्रंटलाइन वर्कर्स शामिल हैं। इसमें जन प्रतिनिधि समेत कोई भी छलांग लगाने की कोशिश न करे। सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात करते हुए पीएम ने सफल टीकाकरण के साथ-साथ यह सुनिश्चित करने की अपील भी की कि वैक्सीन को लेकर किसी तरह की अफवाह न फैलाई जाए।

कोरोना काल में समय-समय पर सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ संवाद करते रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीकाकरण से ठीक पहले सोमवार को फिर संवाद किया। बैठक में मुख्यमंत्रियों के साथ-साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे, जिन्होंने बैठक को माडरेट किया। कांग्रेस शासित पुडुचेरी के मुख्यमंत्री वी नारायणसामी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बोलने का अवसर भी दिया गया। नारायणसामी ने जहां तैयारियों के बारे में जानना चाहा, वहीं ममता ने वैक्सीन के असर पर सवाल किया।

बैठक में तैयारियों का पूरा विवरण रखा गया। वरिष्ठ डॉक्टरों ने जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि दूसरे देश भी भारत का अनुसरण करेंगे। पिछले एक महीने में लगभग पचास देशों में दो-ढाई करोड़ लोगों को टीका लगाया गया है। वहीं भारत अगले कुछ महीनों में 30 करोड़ लोगों का टीकाकरण करेगा। भारत की तैयारी पूरी है। रही बात वैक्सीन की, तो भारत में बनी वैक्सीन को अनुमति दी गई है। अगर भारत जैसे बड़े देश को इस मामले में आयात पर निर्भर रहना पड़ता तो बड़ी मुश्किल होती।

मोदी ने परोक्ष रूप से ममता और सवाल उठाते रहे अन्य राजनीतिक दलों को भी जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'हमने शुरू से कहा है कि इस मामले में फैसला विज्ञानी समुदाय को लेना है। हमने केवल उनकी सुनी है।' ध्यान रहे कि वैक्सीन को अनुमति मिलने के साथ ही कुछ राजनीतिक दलों ने अंगुली उठाना शुरू कर दिया था। वैक्सीन की गुणवत्ता और प्रभाव पर सवाल उठाए गए थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्रियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि अफवाहों को हवा न मिले। अगर मगर से बात नहीं चलेगी। देश और दुनिया के अनेक स्वार्थी तत्व हमारे अभियान में रुकावट डालेंगे। कभी कंट्री प्राइड की बात होगी तो कभी कारपोरेट प्रतिद्वंद्विता होगी। ऐसी हर कोशिश को नाकाम करना होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वैक्सीन को लेकर भारत का बड़ा अनुभव रहा है। हमें उसका भी लाभ उठाना होगा। यह भी सुनिश्चित करना होगा कि अन्य टीकों से जुड़े काम प्रभावित न हों। कोरोना वैक्सीन को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं को भी जोड़ना होगा।

प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि पहले चरण में तीन करोड़ स्वास्थ्यकर्मियों और फ्रंट लाइन वर्कर्स को टीका दिया जाएगा। इस चरण में पूरा खर्च केंद्र सरकार उठाएगी। दूसरे चरण में 50 साल से ऊपर और गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों को इसमें जोड़ा जाएगा। इनकी संख्या 27 करोड़ रहेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले चरण के खत्म होने तक कई और वैक्सीन भी हमारे पास होंगी। हम फिर उन पर विचार करेंगे।

## बर्ड फ्लू : थम नहीं रहा पक्षियों की मौत का सिलसिला



**जागरण टीम, नई दिल्ली।** बर्ड फ्लू को लेकर केंद्र सरकार की ओर से एडवाइजरी जारी होने के साथ ही राज्यों की तरफ से सतर्कता बरतने के बाद भी पक्षियों की मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड व गुजरात समेत कई राज्यों में सोमवार को भी कई पक्षी मृत मिले हैं। राजस्थान के 15 जिलों में तक बर्ड फ्लू फैल चुका है। वहां 3321 पक्षियों की मौत हो चुकी है। बर्ड फ्लू की आशंका को देखते हुए उत्तराखंड सरकार ने रेड अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश में 18 जिले इसकी चपेट में आ चुके हैं। झारखंड की सीमाओं पर विशेष सतर्कता के निर्देश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश के कानपुर में 20 तो बिहार में छह कौए मरे मिले हैं।

राजस्थान के 33 में से 15 जिलों में बर्ड फ्लू का प्रकोप फैल चुका है । 16 दिन में ही 3321 पक्षियों की मौत हो चुकी है । सोमवार को 57 पक्षियों के सैंपल पाजिटिव मिले हैं, जबकि 371 पक्षियों की और जान चली गई है। उधर, जयपुर के चिड़ियाघर में पर्यटकों का प्रवेश बंद कर दिया गया है ।

उत्तर प्रदेश के कानपुर में कई स्थानों पर 20 कौए मृत मिले हैं। इनके सैंपल भोपाल भेज दिए गए हैं। चिड़ियाघर में सतर्कता बढ़ा दी गई है। कन्नौज में बर्ड फ्लू की आशंका पर लाख बहोसी झील में 20 विदेशी पक्षियों के सैंपल मंगलवार सुबह कानपुर मंडलीय लैब में भेजे जाएंगे। संभल के असमोली क्षेत्र में एक साथ करीब 250 मुर्गियां वाहन में मरी मिली हैं। बर्ड फ्लू की आशंका से वाहन चालक भाग निकला। जिस वाहन में मुर्गियां थीं, उसका नंबर हरियाणा का है।

बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में अलग-अलग स्थानों पर छह कौए मृत मिले। उच्चाधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग को सूचना देने के बाद मृत कौओं को दफना दिया गया। चिकित्साधिकारी डा. चंद्र भूषण ने कहा कि बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हुई है। परामर्श लिया जा रहा है।

उत्तराखंड में सोमवार को 127 पक्षी मृत मिले। इसके साथ ही इनकी संख्या बढ़कर 469 पहुंच गई है। उधर, बर्ड फ्लू की आशंका को देखते हुए वन महकमे ने प्रदेश में रेड अलर्ट जारी कर दिया है। वन मंत्री डा.हरक सिंह रावत के अनुसार सभी जिलों में एक-एक डीएफओ को नोडल अधिकारी बनाने के निर्देश दिए गए हैं। मध्य प्रदेश में कौए और अन्य पक्षियों की असमय मौत का सिलसिला जारी है। अब तक 41 जिलों में कौए, गौरैया और अन्य पक्षी मर चुके हैं। सभी को मिलाकर यह आंकड़ा 1300 तक पहुंच गया है। संचालक पशुपालन डा. आरके रोकड़े ने बताया कि उच्च सुरक्षा पशु रोग प्रयोगशाला में देशभर से सैंपल भेजे जा रहे हैं। इस वजह से रिपोर्ट पांच से छह दिन बाद आ पा रही है। उधर, हर दिन तीन-चार नए जिले बर्ड फ्लू की चपेट में आ रहे हैं।

डा. रोकड़े ने बताया कि बर्ड फ्लू के मामले आमतौर पर ठंड में ही देखने को मिलते हैं। जैसे-जैसे ठंड कम होगी बीमारी भी कम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में अभी तक कहीं भी इंसानों में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सभी को सतर्क रहने की जरूरत है।

गुजरात में बर्ड फ्लू को लेकर राज्य प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। कुछ जिलों में मृत पाए गए कौए संक्रमित मिले हैं, जबकि मुर्गियों में इसके कोई लक्षण नहीं पाए गए हैं। प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग की प्रधान सचिव डा. जयंती रवि ने सभी अस्पतालों में बर्ड फ्लू के लिए आइसोलेशन वार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं।

## सरकार का हलफनामा- नए कृषि कानूनों को वापस लेना उचित नहीं, सुप्रीम कोर्ट आज सुना सकता है फैसला



**नई दिल्ली, एएनआइ/जेएनएन।** कृषि कानूनों पर सुनवाई के तुरंत बाद सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा है कि कानून जल्दबाजी में नहीं लाए गए हैं। कृषि कानून दो दशक से चल रही चचाओं का नतीजा हैं और इन्हें वापस लिया जाना न न्यायसंगत है और न ही स्वीकार्य। कृषि एवं किसान कल्याण सचिव की ओर से दिए गए हलफनामे में कहा गया कि किसानों के मन की हर शंका को दूर करने के लिए केंद्र सरकार ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है। इन कानूनों को देशभर से समर्थन मिल रहा है। हलफनामे में सरकार ने कहा है कि कुछ किसानों ने कानूनों को वापस लेने की शर्त रख दी है जो स्वीकार्य नहीं है। सरकार का कहना है कि कानूनों को लाने में पर्याप्त विमर्श हुआ है। मौजूदा विकल्पों से इतर अतिरिक्त विकल्प पाकर देश के किसान खुश हैं। इनमें कोई अधिकार छीने नहीं गए हैं। इस बीच, केंद्र सरकार ने प्रदर्शनकारी किसानों की ओर से प्रस्तावित ट्रैक्टर रैली के खिलाफ भी याचिका दायर की है। दिल्ली पुलिस के मार्फत दायर याचिका में केंद्र ने कहा, 'सुरक्षा एजेंसियों को पता चला है कि प्रदर्शनकारियों का छोटा समूह गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर रैली की योजना बना रहे हैं। गणतंत्र दिवस के आयोजन को प्रभावित करने के लिए यह योजना बनाई जा रही है। इससे कानून एवं व्यवस्था को संभालने की चुनौती पैदा होगी।'

सरकार ने कहा कि गणतंत्र दिवस के आयोजन में किसी भी तरह का व्यवधान कानून की नहीं जनहित के भी खिलाफ होगा। इससे देश को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ेगा। याचिका में कोर्ट से अनुरोध किया गया है कि ऐसी किसी भी रैली को प्रतिबंधित किया जाए।

वरिष्ठ वकील पीएस नरसिम्हा और हरीश साल्वे कानून का समर्थन करने वाले कुछ हस्तक्षेप अर्जीकताओं की ओर से पेश हुए। उन्होंने सरकार का समर्थन करते हुए कोर्ट से कुछ समय देने की बात कही। अटार्नी जनरल ने भी कहा कि कोर्ट को कानून का अमल रोकने की इतनी जल्दी क्यों है। इस पर जस्टिस बोबडे ने कहा कि उन्हें धैर्य रखने की सीख न दी जाए। वे सरकार को बहुत समय दे चुके हैं।

# ग्रामीण अंचल



## संक्षेप समाचार

### मेला स्पेशल ट्रेनों में सीट के बराबर श्रद्धालु कर सकेंगे यात्रा

**प्रयागराज।** प्रदेश के विभिन्न हिस्से से चलने वाली माघ मेला स्पेशल ट्रेनों में सीट के बराबर श्रद्धालु यात्रा कर सकेंगे। मेला स्पेशल ट्रेनों में अनारक्षित टिकट पर आवागमन नहीं होगा। श्रद्धालुओं के मेला स्पेशल ट्रेन से आवागमन करने के लिए साधारण टिकट मूल्य के साथ 15 रुपए आरक्षण शुल्क भी देना होगा। कोरोना का प्रकोप देखते हुए रेलवे अनारक्षित ट्रेनें चलाने को तैयार नहीं है। उत्तर मध्य रेलवे, उत्तर रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे ने माघ मेला के प्रमुख स्नान पर्वों पर अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें चलाने की अनुमति मांगी थी। बोर्ड ने अनारक्षित ट्रेनें चलाने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद पूर्वोत्तर रेलवे ने शनिवार को सामान्य स्पेशल ट्रेनों की तरह मेला विशेष गाड़ियां चलाने की घोषणा की। पूर्वोत्तर रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेनें चलाने की बोर्ड ने अनुमति नहीं दी। पूर्वोत्तर रेलवे ने गत दिवस वाराणसी, गोरखपुर और भटनी से माघ मेला स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। प्रमुख स्नान पर्वों पर चलने वाली मेला स्पेशल ट्रेनों के लिए आरक्षित टिकट पर यात्रा करने की गाइडलाइन भी जारी की गई है।

## बेकाबू टैंकर ट्रैक्टर से भिड़ घर से टकराई, खलासी की मौत



मकान से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त टैंकर व इनसेट में मृतक की फाइल फोटो



हादसे में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से बिखरी पड़ी धान की बोरियां

**घूरपुर।** इलाके के कांटी गांव स्थित हाईवे पर सोमवार की भोर बेकाबू टैंकर ट्रैक्टर से भिड़ पास के एक पक्के मकान से भिड़ गया। जिससे टैंकर का खलासी नीचे गिर गया और पिछले चक्के के नीचे आ गया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। चालक को गंभीर चोटें आई है। पुलिस ने खलासी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । ट्रैक्टर ट्राली भी पलट गई। और मकान का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

गोरखपुर जनपद के सहजनवा थाना क्षेत्र के कसरवल गांव निवासी समीम (40) टैंकर चालक है। उसके साथ पड़ोसी गांव भेलउर गांव निवासी राजू यादव (20) पुत्र श्रीराम यादव खलासी के रूप में काम किया करता था। सोमवार की भोर लगभग तीन बजे टैंकर रीवा की ओर से आ रहा था कि अभी घूरपुर थाना क्षेत्र के कांटी गांव के सामने पहुंचा था कि एक धान लदे ट्रैक्टर से टैंकर भिड़ गया और उसके बाद बेकाबू होकर पास के एक पक्के मकान से भिड़ गया। इसी बीच खलासी राजू यादव टैंकर के नीचे गिर गया और टैंकर के पिछले चक्के के नीचे आ गया। जिससे खलासी की मौके पर ही मौत हो गई। काफी देर तक चालक भी बुरी तरह से फंसा रहा। सूचना पर पुलिस पहुंची और चालक को निकालकर अस्पताल भेजा। खलासी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना खलासी के परिजनों को हुई तो रोते बिलखते घूरपुर थाने पहुंच गए। पक्का मकान का भी अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रैक्टर चालक भी बाल-बाल बच गया।

## नवा चारों के माध्यम से दें सामाजिक विषय का ज्ञान

**करछना।** न्याय पंचायत पनासा में मिशन प्रेरणा के अंतर्गत शिक्षक संकुल की मासिक बैठक हुई। जिसमें सभी शिक्षकों ने बड़े उत्साह से प्रतिभाग किया। जिसमें शिक्षक संकुल अक्षिता तिवारी ने मिशन प्रेरणा के उद्देश्य, लक्ष्य पर चर्चा के साथ, लर्निंग आउटकम और सामाजिक विषय शिक्षण की वर्गीकरण तकनीकी का प्रदर्शन किया। विष्णु कुमार वैश्य ने आधारशिला मॉड्यूल के बारे में बताया। नीरू राय ने ध्यानाकर्षण मॉड्यूल में लर्निंग गैप को समाप्त करने की 18 तकनीकियों की चर्चा की। अशोक सिंह ने शिक्षण संग्रह मॉड्यूल में दिये तकनीकी से शिक्षण योजन बनाने के लिए प्रेरित किया। वन्दना श्रीवास्तव ने एक मॉडल चार्ट के द्वारा आम चुनाव से सरकार का गठन कैसे किया जाता है का बहुत जीवंत तरीके से प्रस्तुत किया और कार्यपालिका, व्यवस्थापिका और न्यायपालिका के बारे में बताया। अंजना सिंह ने चार्ट द्वारा आपने आस पास के परिवेश से समाज के बारे में बताने की वर्गीकरण पद्धति के बारे में बताया। मधुमिता सिन्हा ने जलचर, थलचर और नभचर की अवधारणा को बताया। प्रियंका ने परिवार और समाज के बारे में बताया। अमित सिंह ने पेड़ पौधों में जीवन और उनके भोजन निर्माण की प्रक्रियाओं के बारे में बताया। संकुल प्रभारी अजय सिंह ने सामाजिक विषय की के भ्रमण और अवलोकन पद्धति की चर्चा किया। खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव जी ने कहा गतिविधियों और नवाचारों के प्रयोग से सामाजिक विषय का शिक्षण किया जाय जिससे बच्चों की अच्छी समझ विकसित हो। उनको अपने आस पास के परिवेशीय वस्तुओं के माध्यम से सामाजिक ज्ञान और विज्ञान की अवधारणा का विकास किया जाय। जिससे बच्चों में रुचि बढ़ेगी। इस अवसर पर विद्यालय के पूरा छात्र और ए आर पी विष्णुकांत गुप्त ने मिशन प्रेरणा को सफल बनाने के लिए सहयोग के लिए वचन दिया। इस अवसर पर ए आर पी पुष्पराज सिंह, कुँवर राजीव सिंह, पुष्पेंद्र कुमार शुक्ला, कमल कुमार मिश्रा, संकुल प्रभारी अजय सिंह, पनासा की प्रधानाध्यापिका संध्या कुमारी शिक्षक रितिका विश्वकर्मा, गुनीता रानी, दिव्या पांडेय और सभी विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित थे।

## यमुना नदी में डूबने से किशोर की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र स्थित अरैल घाट के समीप सोमवार को एक किशोर स्नान के दौरान यमुना नदी में डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र के अरैल मोड़ के समीप मोहम्मद का पुरा निवासी मोहित कुमार भारतीया (15 ) पुत्र मोनू भारतीया सोमवार लगभग 1:30 बजे दोपहर में अपने एक साथी के साथ स्नान करने के लिए अरैल घाट के निकट सेल्फी प्वाइंट के समीप गया हुआ था। बताया जाता है कि वह स्नान कर रहा था, तभी उसका पैर फिसल गया और वह पानी के तेज बहाव में बह गया। यह देख उसका साथी मौके घटनास्थल से फरार हो गया। सूचना मिलने पर अरैल पुलिस चौकी प्रभारी अजय कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों को मौके पर बुलाया गया। वही घंटों कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने डूबे हुए किशोर को पानी से बाहर निकाला तो मौजूद परिजनों ने जब शव को देखा तो कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।



### घर के बाहर खड़ी कार चोरी

नैनी। कोतवाली क्षेत्र के पीडीए कॉलोनी से रविवार को चोरों ने घर के बाहर खड़ी एक कार पर हाथ साफ कर फरार हो गए। तहरीर मिलने पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित पीडीए कॉलोनी निवासी रितेश कुमार चौरसिया पुत्र दयाशंकर चौरसिया प्रतिदिन की तरह अपनी कार घर के समीप खड़ी किए हुए थे। रविवार रात में चोरों ने मौका पाते ही कार चोरी कर फरार हो गए।

### अतिथि प्रवक्ता के 215 पदों के लिए मांगे आवेदन

**प्रयागराज।** कोरोना से प्रभावित शैक्षिक सत्र में कोर्स पूरा करने की चुनौती का सामना कर रहे इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने अतिथि प्रवक्ता के 215 पदों के लिए 25 जनवरी तक ऑफलाइन आवेदन मांगे हैं। अनारक्षित, ओबीसी व ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थी 500 व एससी-एसटी अभ्यर्थी 200 रुपये फीस के साथ आवेदन कर सकते हैं। दिव्यांग और महिला अभ्यर्थियों को फीस से छूट दी गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सेमेस्टर परीक्षा मार्च से और वार्षिक परीक्षा अप्रैल से कराने का निर्णय लिया है। कोरोना के कारण पढ़ाई-लिखाई प्रभावित होने के कारण 30 प्रतिशत कोर्स भी कम कर दिया गया है। लेकिन उसके बावजूद कोर्स पूरा नहीं हो सका है। अतिथि प्रवक्ताओं की नियुक्ति फरवरी के मध्य या अंत तक हो सकेगी। ऐसे में कम समय में उन पर कोर्स पूरा कराने की चुनौती होगी। रजिस्ट्रार की ओर से जारी विज्ञापन के अनुसार 2020-21 सत्र खत्म होने के साथ अतिथि प्रवक्ताओं का कार्यकाल भी पूरा हो जाएगा। आवेदन पत्र का प्रारूप वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। शैक्षणिक अर्हता यूजीसी अधिनियम 2018 के अनुसार होंगी।

## भाजपा की जनविरोधी नीतियों से हर कोई परेशान : शेखर बहुगुणा




संगोष्ठी को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि शेखर बहुगुणा व अशफाक अहमद

**फूलपुर।** भाजपा शासन काल में देश का अन्नदाता हो या मजदूर सभी परेशान हैं। आज अपनी मांगों को लेकर किसान जहां रोड पर है वहीं बेरोजगारी का दंश झेल रहे युवा सरकार से रोजगार की उम्मीद लगाए बैठा है। उक्त बातें हनुमानगंज स्थित श्री कृष्ण जूनियर हाईस्कूल विद्यालय में सोमवार को किसान बचाओ संविधान बचाओ, बेटी बचाओ संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सदस्य शेखर बहुगुणा ने बतौर मुख्य अतिथि कही। सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए उन्होंने कहा कि आज बेहाल है किसान आत्महत्या कर रहा है और बेटियों पर अत्याचार दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहे परन्तु सरकार खुद अपनी पीठ थपथपाने में मशगूल है। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर आयोजित गोष्ठी में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। संचालन कर रहे कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशफाक अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार अपने हर मुद्दे पर विफल रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमला कांत मिश्र ने किया।

इस मौके पर अरविंद यादव पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ फूलपुर, प्रफुल्ल यादव, हुब लाल पासी, आर एस पटेल, भोलानाथ तिवारी, जावेद, रामविलास प्रजापति, रिंकू तिवारी, पारसनाथ, समशेर पटेल, रमेश प्रजापति, तहजीब हसन, निजामुद्दीन, सुशील कुमार पांडे, महेश भारतीय, राजू जयसवाल, अनिल यादव, दशरथ लाल मौर्य, बालकृष्ण शर्मा, संतोष केसरवानी, विजय बहादुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नहीं सुलझ रही जंघई बाजार में जाम की समस्या




भीषण जाम में फंसे वाहन व छात्र

**प्रतापपुर।** जंघई हंडिया मुख्य मार्ग पर लगने वाले जाम से स्थानीय लोगों के अलावा दुकानदारों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। हर दिन लगने वाले जाम के कारण आमजन तो परेशान है ही, मुख्य बाजार में दुकानें संचालित करने वाले दुकानदारों की दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है। मुख्य बाजार काफी व्यस्त होने के साथ ही बेहद सकरा है। जिससे छोटे-छोटे वाहन ही इस रास्ते से बड़ी मुश्किल में निकल पाते हैं। ऐसे में यदि कोई बड़ा वाहन इस रास्ते से निकल जाए तो जाम लगना तय होता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोपहर बाद 2 से 5 बजे के बीच जाम की परेशानी और बढ़ जाती है दरअसल, दो से पांच बजे के बीच स्कूलों की छुट्टी होती है। इस कारण स्कूल बसों, ट्रकों के अलावा ऑटो, मैजिक वाहन बड़ी संख्या में प्रवेश करते हैं। जो ज्यादातर मुख्य बाजार से निकलते हैं इस कारण मुख्य बाजार में जाम के हालात पैदा हो जाते हैं।

### उधार दिए गए रुपए मांगने पर मारपीट रिपोर्ट दर्ज

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के पीडीए कॉलोनी में सोमवार को दो पक्षों के बीच पैसे के लेनदेन के विवाद को लेकर मारपीट हो गई। तहरीर मिलने पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में ले लिया। जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र के पीडीए कॉलोनी निवासी संतोष गुप्ता व उनकी पत्नी सविता गुप्ता ने कीडगंज के रहने वाले ओम प्रकाश साहू व राजेंद्र प्रसाद से बीते कुछ माह पूर्व लगभग एक लाख रूपए उधार लिए हुए थे। आरोप है कि ओम प्रकाश व राजेंद्र प्रसाद सोमवार को दंपत्ति के घर पर पहुंचे और पैसे की लेनदेन को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया, बात आगे बढ़ी तो दोनों पक्ष आपस में ही मारपीट करने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उक्त दोनों लोगों को हिरासत में लेकर नैनी कोतवाली उठा लाए। वहीं दंपत्ति की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

## पूसीतेरस के मेले में लोगों की उमड़ी भीड़



मेले में उमड़ी लोगों की भीड़

**जारी।** जारी क्षेत्र स्थित जारी गांव मुड़फूटे महादेव शिवमंदिर परिसर में परम्परागत पूसी तेरस मेले को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी है। दिन सोमवार को मंदिर परिसर में दूर-दूर से आये दुकानदारों की दुकाने सज चुकी है। वहीं बच्चों के लिए खेल तमाशा दिखाने वाले लोग भी मेले में पहुंच चुके हैं। मेले में होने वाली भीड़ के मद्देनजर मंदिरों की साफ सफाई के साथ-साथ परिसर में आने वाली दुकानें सज गई हैं। दूर दराज से आकर दुकान व तरह-तरह के आकर्षक स्टाल लगाने वाले लोग भी अपने-अपने स्थान और ठिकाने बना लिए हैं। पौराणिकता से जुड़े स्थित शिवमंदिरों में दर्शन और जलाभिषेक करने के लिए पूसी तेरस मेले में महिलाओं की भारी भीड़ जमा होती है। कई वर्षों से जारी गांव स्थित मेले में मुड़ फूटे महादेव मंदिर के पास लगे मेले में लोगों ने गन्ने खिलौनों की खूब खरीददारी हुई। क्या बच्चे क्या नौजवान अपने अपने बच्चों को मेले में घुमाते हुए नजर आए। खूब खरीदारी की जहां मेले में रौनक बनी रही ।वहीं पुलिस प्रशासन नहीं दिखी।

### नवाबगंज पुलिस ने 5 बम एवं दो अवैध तमंचा के साथ दो अभियुक्तों को दबोचा, भेजा जेल

**नवाबगंज।** मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो अभियुक्तों के पास से देशी बम के साथ दो अद्द तमंचा संग कारतूस बरामद करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए पूछतांछ कर मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है। नवाबगंज में सोमवार को मंसूराबाद चैकी इंचार्ज राकेश गौतम, एसआई अरूण कुमार, हे0 कां0 शकील एजाज एवं कां0 अंकुर सिंह ने मुखबिर की सूचना पाकर बैरहना सम्हई के पास से अभियुक्त विपिन ओझा पुत्र रज्जन निवासी बैरहना सम्हई नवाबगंज एवं अरबाज पुत्र शफीक निवासी मंसूराबाद को धर दबोचा। पुलिस ने बताया कि दोनों अभियुक्तों में विपिन ओझा के पास से पुलिस ने अवैध 315 बोर तमंचा एवं जिंदा कारतूसएवं अरबाज के पास से 5 अद्द देशी बम एवं अवैध 315 बोर तमंचा एवं कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों पर लिखा-पढ़ी करते हुए जेल भेज दिया है।

### संगीनों के साये में महफूज रहेंगे धर्मध्वजा के वाहक संत

**प्रयागराज।** मेला प्राधिकरण के अफसरों का कहना है कि इस बार पिछले साल की तुलना में अधिक संतों ने सुरक्षा की मांग की है। लगभग 40 आवेदन मेला कार्यालय पहुंच चुके हैं। जिसमें सभी ने सुरक्षा के दृष्टिगत यह कहा है कि आत्मरक्षा के लिए सुरक्षा कर्मी उपलब्ध कराएं। माना जा रहा है कि देश के तमाम हिस्सों में संतों के ऊपर हमले के बाद अब यह जरूरी हो गया है। हालांकि उत्तर प्रदेश में संत खुद को सुरक्षित मानते हैं फिर भी अगर पुलिस से गार्ड मिल जाएं तो आयोजन ठीक से पूरा हो सकेगा। मेला क्षेत्र में आने वाले तमाम संतों के पास सुरक्षा व्यवस्था है। सुरक्षा घेरे में श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास, ट्रस्ट के सदस्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि, महामंडलेश्वर संतोष दास "सतुआ बाबा" जैसे तमाम साधु संत रहते हैं। हालांकि माघ मेले में यह मांग कुम्भ मेले की तुलना में कम ही रहती है।

## श्रीराम मंदिर निधि कार्यालय का हुआ उद्घाटन



कार्यालय के उद्घाटन पर उपस्थित लोग

**करछना।** श्रीराम मंदिर निधि समर्पण समिति यमुनापार कार्यालय का उद्घघाटन करछना के भरहा गांव स्थित सुबोध सिह के आवास मे कार्यालय का उद्घाटन हुआ, कार्यालय का उद्घघाटन करते हुए प्रांत संगठन मत्री मुकेश जी ने कहा कि यमुनापार मे समर्पण निधि के अंतर्गत दो लाख 22 हजार परिवारों में सपर्क अभियान चलाया जाएगा। 15 जनवरी से 27 फरवरी तक अभियान के तहत राम मंदिर के निर्माण मे लोगो से सहयोग राशि ली जाएगी।उन्होने यमुनापार के संगठन मंत्रियो को अपनी जिम्मेदारियो के साथ इस अभियान मे जुटने की अपील की। जिला संघ संचालक सुरेन्द्र नारायण सह सह संचालक विनोद जी, जिला कार्यवाहक महेन्द्र, यमुनापार अभियान प्रमुख चन्द्र निधान सहप्रमुख शिवेन्द्र, गोविद सिह, विनोद कुमार, विवेक जी, सुबोध सिंह सहित बड़ी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

### अज्ञात कारणों से घर में लगी आग घर का सामान हुआ खाक

**उरूवा।** मेजा क्षेत्र के उरुवा ब्लाक के अंतर्गत ग्रामसभा चोरबना में अज्ञात कारणों से घर में आग लग गई जिसमें गृहस्थी का पूरा सामान जलकर राख हो गया और पास में बंधी भैंस का बच्चा झुलस गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामसभा चोरबना के निवासी विपिन कनौजिया पुत्र कृपा शंकर कनौजिया के कच्चे मकान में रविवार की सुबह अज्ञात कारणों से आग लग गई, आग इतनी तेज थी कि, जिसमें घर का सारा सामान जलकर राख हो गया और घर के बगल बंधी भैंस का बच्चा झुलस गया। आनन-फानन में ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया वही आग लगने से पीड़ित परिवार खुले में रहने के लिए बेबस है और गृहस्थी का सारा सामान जलने की वजह से खाने के भी दिक्कत हो रही है।

## बेटियां दो कुल का गौरव : डा. प्रमोद कुमार



रंगोली के साथ छात्र-छात्राएं

**प्रतापपुर।** नागरिक पीजी कालेज जंघई में सोमवार को बीएड 2020-2022 प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने रंगोली बनायी, जिसका निरीक्षण प्राचार्य डा०प्रमोद कुमार तिवारी एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. प्रमोद कुमार तिवारी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बेटियां दो कुल का गौरव होती है इनके कंधे पर घर परिवार की अधिक जिम्मेदारी होती है। बेटियों को शिक्षित, सुरक्षित एवं संस्कार युक्त बनाना हर माता पिता एवं समाज का नैतिक दायित्व है एवं आज के समय में लड़की ओर लड़के में भेदभाव करना लोगों की अनपढ़ता को बयां करता है।

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### वॉलीबाल खिलाड़ी इंद्र बहादुर सिंह के निधन पर खिलाड़ियों में शोक.

**प्रयागराज।** डिस्ट्रिक्ट वालीबॉल एसोसिएशन (डीवीए) प्रयागराज के पदाधिकारियों एवं जिले के वरिष्ठ खिलाड़ियों की एक आकस्मिक बैठक स्थानीय सैदाबाद,हड़िया जीटी रोड स्थित जिला वालीबाल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष काशी प्रसाद यादव के निजी आवास पर आहूत की गई। जिसमें नवयुवक संघ जगतपुर के वॉलीबाल खिलाडी इंद्र बहादुर सिंह उर्फ भोंदू के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया तथा मृत आत्मा की शांति एवं उसके परिवार को इस दुख की घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। उक्त शोक सभा में प्रमुख रुप से जिला वॉलीबाल संघ प्रयागराज के महासचिव आर.पी.शुक्ला, संयुक्त सचिव सी.पी.मिश्रा, कोषाध्यक्ष वाई.एन. सिंह के अतिरिक्त डॉ. सुभाष यादव, रामनगर के ठाकुर प्रसाद, मिश्रपुर के प्रभाकर चौबे, सोरांव से आशीष द्विवेदी व मुकेश शुक्ला, फूलपुर से बी.एच. जैदी व फूलचंद गुप्ता,सहसों से जालपा प्रसाद दुबे व मनोज त्रिपाठी, मंडोर से मोहम्मद यूनुस अंसारी व मोहम्मद हसनैन और हड़िया से डी.के.पांडेय व जटा शंकर दुबे, थरवई से युवराज सिंह, करछना से अखिलेश मिश्रा, झूसी से दिल बहादुर यादव तथा सिरसा से दीपक राम के साथ स्थानीय जगतपुर के सियाराम यादव,बर्फी लाल मास्टर,आशीष शुक्ला,गोरेलाल यादव, कमल सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### कौड़िहार में सुंदरकांड पाठ का आयोजन में भक्तों को किया प्रसाद वितरण

**नवाबगंज।** कौड़िहार बाजार स्थित श्री नर्वदेश्वर महादेव प्रांगण में सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड के दौरान भक्तों ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन करते हुए लोगों के लिए सुखमय जीवन की कामनाएं की गई। कार्यक्रम आयोजक डॉ0 गरूण केसरवानी आए हुए समस्त भक्तजनों का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किये। कार्यक्रम में समस्त भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। जबकि पूजन का कार्यक्रम आचार्य सिया राम द्विवेदी द्वारा संपन्न कराया। प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू पाल, डॉ0 कंचन केसरवानी, संजय केसरवानी, पवन केसरवानी, कल्लू केसरवानी (धागा वाले) सुरेंद्र केसरवानी, बच्चा पंड़ा समेत अधिक संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

## मकर संक्रांति स्नान पर्व के मद्देनजर बढ़ाई गई चौकसी

### जनपद की सभी सीमाओं पर बहनों की हो रही है सघन चेकिंग

**प्रयागराज।** मकर सक्रांति स्नान पर्व को लेकर प्रयागराज पुलिस काफी चौकन्ना है। सुरक्षा को लेकर तगड़े बंदोबस्त किए गए हैं। लालगोपालगंज मऊआइमा फूलपुर शंकरगढ़ समेत जिले में दाखिल होने वाली सभी सीमाओं पर पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया है। दो और चार पहिया वाहनों की सघन चेकिंग तलाशी की जा रही है। दरअसल माघ मेला का पहला स्नान पर्व 14 जनवरी को है। इसे लेकर जिले में सुरक्षा तगड़ी कर दी गई है। जनपद की सभी सीमाओं पर वाहनों की जांच पड़ताल की जा रही है। साथ ही शहर में मुख्य चौराहों पर भी चेकिंग अभियान शुरू किया गया है। विभाग के आला अफसर खुद सड़क पर उतरकर जांच पड़ताल कर रहे हैं।

मकर संक्रांति को लेकर जिले में सुरक्षा को लेकर तगड़े बंदोबस्त किए गए हैं। लालगोपालगंज, मऊआइमा, फूलपुर, शंकरगढ़ समेत जिले में दाखिल होने वाली सभी सीमाओं पर पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया है। दो और चार पहिया वाहनों की तलाशी के निर्देश दिए गए हैं। संदिग्धों पर नजर रखने को कहा है। साथ ही चेकिंग के दौरान अगर कोई संदिग्ध मिले तो उसके बारे में उच्चाधिकारियों को तत्काल सूचना देने की बात कही गई है।



वाहनों की चेकिंग करती पुलिस

वहीं, सोमवार को एडीजी, आइजी समेत अन्य अधिकारियों ने सिविल लाइंस क्षेत्र में जांच अभियान चलाया। कई वाहनों की तलाशी करवाई। उधर, एसपी यमुनापार ने अरैल बांध और मेवालाल बगिया तिराहे पर चेकिंग अभियान चलाया। इसी प्रकार जनपद के हर क्षेत्र में अभियान चलाया गया। इसके अलावा रेलवे और बस स्टेशनों पर भी पुलिस नजर रख रही है। एडीजी जोन प्रेम प्रकाश का कहना है कि माघ मेला में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत है। जिले में भी सुरक्षा तगड़ी की गई है। वाहनों की जांच पड़ताल के साथ ही संदिग्धों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## विश्वविद्यालय खोलने के लिए छात्रों ने घेरा कुलपति कार्यालय



कुलपति कार्यालय का घेराव करते छात्र

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय को खोले जाने की मांग को लेकर सोमवार को छात्रों ने कुलपति कार्यालय का घेराव किया।

छात्र कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव से मिलने की मांग पर अड़े हैं। सूचना मिलते ही फोर्स भी तैनात कर दी गई। फिलहाल अभी तक कुलपति समेत इविवि के प्रशासनिक अधिकारी अभी छात्रों से मिलने नहीं पहुंचे। ऐसे में छात्रों में काफी नाराजगी है।

## जज के कुक की हत्या में अज्ञात पर केस दर्ज, आरोपितों की तलाश जारी

**रविवार शाम को घर से अकेले पैदल निकले कुक की गला रेतकर की गयी थी हत्या**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद में एक जज के कुक शरद सोनी की हत्या में कैंट पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा कायम कर लिया है। घरवालों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए पुलिस आरोपितों की तलाश में छापेमारी कर रही है, लेकिन अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

पुलिस का कहना है कि शरद सोनी के मोबाइल की कॉल डिटेल रिपोर्ट निकलवाई जा रही है और उससे कुछ सुराग मिल सकता है। इस बिंदु पर भी छानबीन की जा रही है कि कहीं शरद को किसी ने फोन करके तो नहीं बुलाया था। हालांकि परिवार वालों का कहना है कि शरद दवा लेने की बात कहकर घर से निकले थे। जब उन्हें खबर मिली और मौके पर पहुंचे तो वहां का मंजर देख कलेजा कांप उठा था। शरद खून से लथपथ थे और खून से सड़क लाल हो गई थी।

जौनपुर के मूल निवासी शरद सोनी कैंट थाना क्षेत्र के नेवादा सरकुलर रोड पर अपनी ससुराल में पत्नी व बच्चों के साथ रहते थे। वह एक न्यायमूर्ति के आवास पर बतौर कुक काम करता था। रविवार शाम को घर से अकेले पैदल निकले थे, तभी किसी ने सौ मीटर दूर चाकू से उनका गला रेत दिया था। इस हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गई थी। एसपी सिटी, सीओ समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचकर छानबीन की। पहले शरद की बेटी ने पड़ोस में रहने वाले एक परिवार पर शक जताते हुए बताया कि दीपावली के दौरान उनसे झगड़ा हुआ था। तब पुलिस ने उनके घर छापेमारी की, मगर पड़ोसी फरार थे। बहरहाल, सीओ सिविल लाइंस अजीत सिंह चौहान का कहना है कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा कायम कर आरोपितों की तलाश की जा रही है।

## पौष पूर्णिमा से पहले फाफामऊ में बन जाएगा पांटून पुल

**प्रयागराज।** प्रयागराज माघ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए फाफामऊ में पांटून का एक और पुल बनाया जाएगा। इसके लिए तैयारी शुरू हो गई है। इस पुल को पौष पूर्णिमा यानी 28 जनवरी से पहले तैयार कर लिया जाएगा। इसी समय कल्पवासी आएंगे। इसके बनने से कल्पवासियों को शहर के जाम से नहीं जूझना पड़ेगा। माघ मेला के लिए बनाया जा रहा है यह पांटून पुल, गंगा पर बने पुलों में से छठां होगा।

गंगा के दोनों किनारे पर लगने वाले माघ मेले के लिए अब तक पांच पांटून पुलों का निर्माण हो चुका है। इनमें ओल्ड जीटी रोड, शिवाला रोड, महावीर मार्ग, काली और त्रिवेणी मार्ग है। इन पर आवागमन शुरू हो गया है। इसके अलावा फाफामऊ की तरफ से श्रद्धालुओं के आने के लिए एक और पुल बनाने को डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिया था। अब इस पर काम शुरू होने वाला है। फाफामऊ की तरफ से बनने वाले पुल से यात्रियों को संगम तक आने में आसानी होगी। यह पांटून पुल गंगा पर बने फाफामऊ ब्रिज के पश्चिम में होगा। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता सुनील कठेरिया ने बताया कि इस पुल के बनाने के बाद करीब सात किलोमीटर लंबा रास्ता गंगा किनारे बनाया जाएगा। गंगा पर बने पांटून पुलों में से ओल्ड जीटी और शिवाला पर आवागमन रोक दिया गया है। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता ने बताया कि गंगा में कटान के चलते हैं ओल्ड जीटी और गंगोली शिवाला पुल के पीपे खिसक गए हैं इसलिए उसकी मरम्मत की जरूरत है।

## तबादले के लिए आवेदन शुरू करने को गरजे शिक्षक

**प्रयागराज।** प्रदेश के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के संस्था प्रधान व अध्यापकों के ऑनलाइन स्थानांतरण के लिए 15 से 31 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन लेने समेत अन्य मांगों को लेकर माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट ने सोमवार को शिक्षा निदेशालय में अपर निदेशक माध्यमिक कार्यालय के बाहर धरना दिया। शिक्षकों ने एनपीएस से आच्छादित शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के 1 अप्रैल 2005 से अब तक के अवशेष नियोक्ता अंशदान तथा उसके ब्याज के लिए बजट में आवंटित 520 करोड रुपए की धनराशि को शिक्षकों के खातों में जमा कराने, चयन बोर्ड से चयनित नवनियुक्त शिक्षकों के शैक्षिक अभिलेखों के सत्यापन के नाम पर रोके गए वेतन का तत्काल भुगतान करने, शिक्षा निदेशालय में लंबित शिक्षकों के समस्त अवशेष प्रकरणों का निस्तारण करने और विनियमित किए जा चुके सभी शिक्षकों के लिए चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान तथा सेवानिवृत्तिक लाभों में नियुक्ति तिथि से उनकी सेवाएं आगणित करने की भी मांग रखी। संगठन के प्रदेश महामंत्री लालमणि द्विवेदी ने बताया कि उपर्युक्त सभी पांच मुद्दे ऐसे हैं जिनमें सरकार और शासन की ओर से व्यवस्था मौजूद है, किंतु माध्यमिक शिक्षा विभाग के अफसरों के निष्क्रियता और घोर लापरवाही के कारण उनका क्रियान्वयन नहीं हो रहा है।



धरना देते शिक्षकगण

## जुएं के फड़ पर छापा, चार जुआरी गिरफ्तार

**मौके पर ताश के पत्ते और नगदी बरामद**

**शंकरगढ़।** सार्वजनिक स्थल पर जुआ खेलते हुए पुलिस ने चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जामातलाशी और फड़ से नगदी व ताश का पत्ता भी बरामद किया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ केस दर्ज कर चालान कर दिया है। यह गिरफ्तारी यमुनापार के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के लाला का पुरवा से की गई है। थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सोमवार की सुबह पुलिस टीम ने क्षेत्र के लाला का पुरवा मोहल्ले में हीरो किराना स्टोर के पीछे छापा मारा, जहां पर कुछ लोग जुंआ खेल रहे थे। पुलिस को देख वहां रही भीड़ में भगदड़ मच गई। इस दौरान पुलिस ने जुंआ खेल रहे चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इस दौरान पुलिस ने फड़ से ताश के 52 पत्ते और 410 रुपया बरामद किया। जबकि 380 रुपये जामातलाशी में मिला है। एसओ राजेश उपाध्याय ने बताया कि जुंए के अड्डे से गिरफ्तार किए गए पप्पू साहू पुत्र भुल्लर साहू (निवासी रैपटना, शंकरगढ़), संतोष कुमार पुत्र भैरव प्रसाद (निवासी सिंधी टोला), बबलू आदिवासी पुत्र राजेंद्र आदिवासी (निवासी सिंधी टोला) और शमशेर पुत्र अनवर अली (निवासी गुड़िया तालाब) शंकरगढ़ के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है और सभी का चालान कर दिया गया है। इस गिरफ्तारी में एसओ राजेश उपाध्याय के साथ एसआई अमित कुमार सिंह, उपनिरीक्षक कासिम खां, कांस्टेबल विवेक सिंह, अर्जुन यादव आदि शामिल रहे।



शंकरगढ़ पुलिस की गिरफ्त में जुआरी

## करछना सीएचसी अस्पताल में कोरोना वैक्सीन का ट्राई रन शुरू



करछना सीएचसी में उपस्थित चिकित्सक

**करछना।** कोरोना वैक्सीन के बनाये जाने और सरकारी की मंशा के अनुरूप वैक्सीन को लगवाने की गाइड़ लाइन मिलते ही लोगों में उत्सुकता बढ़ गई है। कई क्रम में वैक्सीन को सुलभ कराने की कार्ययोजना को लेकर सोमवार को सीएचसी करछना में 45 लोगों का ट्राईरन किया गया। इस दौरान परिचय पत्र देखकर लोगों को कक्ष के अंदर प्रवेश दिया गया। कोरोना के वैक्सीन के बारे में सीएचसी के अधीक्षक डॉ.जीके तिवारी ने बताया कि अस्पताल में वैक्सीन आने में सप्ताहभर का समय लग सकता है।

### घर बैठे मिलेगा जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र

**प्रयागराज।** छावनी क्षेत्र के लोगों के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें लीज नवीनीकरण और जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए छावनी कार्यालय के चक्कर नहीं काटने होंगे। इसके लिए वह ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। छावनी परिषद द्वारा पोर्टल शुरू किया गया है। पोर्टल के द्वारा लोगों की शिकायतों का निवारण, ट्रेड लाइसेंस, एम-कलेक्ट, लीज नवीनीकरण तथा जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सुविधाओं का लाभ घर बैठे लाभ लिया जा सकता है। छावनी परिषद के सीईओ माने अमित कुमार बाबूराव ने बताया कि सुविधाओं का लाभ लेने के लिए वेबसाइट पर जा सकते हैं। छावनी परिषद के सुविधा केंद्र में किसी भी कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक सहायता प्रभारी से उक्त पोर्टल की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। छावनी परिषद के हेल्पलाईन 0532-2422121 पर भी संपर्क कर सकते हैं।छावनी परिषद केनएए वेब पोर्टल पर आनलाइन शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। शिकायत नए वेब पोर्टल पर दर्ज करा सकते हैं। आप अपनी शिकायत की स्थिति ऑनलाइन भीजांच सकते है। अधिक जानकारी इलाहाबाद छावनी परिषद कार्यालय के जन सुविधा केंद्र के हेल्प लाइन नंबर 0532-2422121 प्राप्त की जा सकती है।



क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि

## जय मां गंगा क्लब क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

**करछना।** जय मां गंगा क्रिकेट क्लब डीहा करछना प्रयागराज में पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का प्रकाश बालिका इंटर कालेज के प्रबन्धक डा .विजय बाबू यादव ने फीता काट कर किया उदघाटन। उदघाटन मैंच बरबोझा और डीहा के बीच खेला गया जिसमें डीहा विजई रही, पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में आधा दर्जन टीमे ने प्रति भाग किया इस मौके पर विकास सिंह, अनिल यादव, अजीत यादव, विनोद निषाद और दोनों टीम के खिलाड़ी आदि मौजूद रहे।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## माघ मेला में धार्मिक संस्थाओं ने कहा-जब झूला लग सकता है तो सत्संग पंडाल भी लगाया जाए

**प्रयागराज।** प्रयागराज में माघ मेला क्षेत्र के परेड ग्राउंड में प्रशासन ने मीना बाजार और झूला लगाने की अनुमति दे दी है। इस पर धार्मिक संस्थाएं बांध के पास सत्संग पंडाल लगाने की मांग उठाने लगी हैं। यह मांग संगम विश्व धरोहर महा अभियान चलाने वाली समाजिक संस्था प्रयागराज सेवा समिति ने की है। इसके पीछे संस्था के पदाधिकारियों ने दलील भी दी है।

प्रयागराज सेवा समिति की बैठक दारागंज स्थित संस्था कार्यालय में हुई। अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष पंडित धर्मराज पांडेय ने की। वक्ताओं ने कहा की जब मीना बाजार झूला, कपड़ा, खिलौनों व चाट आदि की दुकान लग सकती है तो साहित्यकार रचनाकार संगीतकार कलाकारों के लिए बनने वाला प्रशासन सत्संग पंडाल क्यों नहीं बन सकता है। कोविड-19 के नियम 'दो गज की दूरी मास्क है जरूरी' को मानते हुए पंडाल के माध्यम से उक्त समस्त आयोजन भी हो सकता है। वहीं संगम विश्व धरोहर महा अभियान के संयोजक तीर्थराज पांडेय ने कहा यह सत्य है कि प्रशासन सत्संग पंडाल में संस्था विगत 14 वर्ष से 'एक शाम तीर्थराज प्रयाग के नाम' सांस्कृतिक कार्यक्रम लगातार कर रही है। उसी मंच पर संगम विश्व धरोहर महाअभियान के अंतर्गत संतों के द्वारा चर्चा परिचर्चा ,विद्वत गोष्ठी, शंख सम्राट, चोटी सम्राट ,कवि सम्मेलन, बिरहा आदि कार्यक्रम होता रहा है। इसके माध्यम से साहित्यकार ,कलाकार, संगीतकारों को का संगम होता रहा है। शासन- प्रशासन के द्वारा यहां की व्यवस्था निश ?शुल्क रहती है। इससे बहुत सारी सामाजिक संस्थाएं और सरकारी संस्थाओं के द्वारा यहां पर सभी को मंच मिलता रहा है। अंत में उपस्थित समस्त सदस्यों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मेला की व्यवस्था पुरानी परंपरा के अनुरूप कराने की मांग की है।



प्रयागराज सेवा समिति ने कोरोना वैक्सीन बनाने के लिए देश के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। वैक्सीनेशन कार्यक्रम की सफलता के लिए मां गंगा से आशीर्वाद की कामना की। अतिथियों का स्वागत व आभार प्रयागराज सेवा समिति महिला मोर्चा की अध्यक्ष अनुपमा पाण्डेय ने किया। उक्त अवसर पर पंडित भक्तराज पांडेय, केसी पांडेय, विष्णु दयाल श्रीवास्तव ,सुरेंद्र श्रीवास्तव रामाशीष विशाल गोलू यादव आकाश निषाद विपिन गुप्ता रवि राज पांडे प्रभु राज पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## पत्रकार के घर में चोरों ने बोला धावा लाखों के गहने और नगदी किया पार

**करछना थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही है चोरी की घटनाएं , आखिर क्यों पुलिस नहीं कर रही क्षेत्र में गश्त**

**करछना।** करछना थाना अंतर्गत गंधियांव गांव में वरिष्ठ पत्रकार भगवान प्रसाद उपाध्याय एवं अश्वनी कुमार उपाध्याय पुत्र अवध नारायण के घर में देर रात अज्ञात चोरों ने रविवार की रात घर की दीवार के सहारे छत पर चढ़कर चोरों ने घटना को अंजाम दिया है जिसमें लाखों रुपए के गहने नगदी एवं कपड़े चोरी हुए हैं सुबह जब घरवालों की आंख खुली तो कमरे का दरवाजा खुला देखा उसका ताला भी टूटा पाया गया बाद में अंदर जाकर देखा तो बक्से का ताला भी टूटा था और उसमें से भी सामान गायब था दूसरे कमरे में जाकर के देखा गया तो उसमें से एक बक्सा गायब था जो पास के बगीचे में आसपास के शौच करने आए ग्रामीणों द्वारा सूचना देने पर मिला जिसमें रखा लाखों रुपए का जेवरात एवं नकदी गायब था उक्त घटना के बारे में 112 नंबर पुलिस को तत्काल सूचना दी गई मौके पर पुलिस ने जांच तफ्तीश की एवं लिखा पढ़ी की और आश्वासन देकर के विदा हो गए। भुक्तभोगी पत्रकार अश्वनी कुमार पुत्र अवध नारायण ने थाने में लिखित तहरीर दी है वहां से संबंधित हल्का पुलिस घर पहुंच कर जांच की एवं पता लगा कर चोरों को पकड़ने का भी आश्वासन दिया। उक्त घटना से भुक्तभोगी पत्रकार का पूरा परिवार किसी बड़ी घटना को अंजाम दिए जाने की आशंका से उन में भय व्याप्त है।

## संक्षेप समाचार

### आबकारी निरीक्षक ने की छापेमारी

**अझुवा कौशाम्बी।** शराब की अवैध भट्ठियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के क्रम में आबकारी निरीक्षक अर्चना पांडेय ने अपनी टीम के साथ रविवार को सैनी कोतवाली क्षेत्र के धुमाई गांव में अवैध शराब निमार्ता के यहां छापा मारकर कई कुंतल लहन नष्ट किया और आबकारी निरीक्षक ने मौके से 15 लीटर अवैध शराब बरामद किया। उधर अझुवा पुलिस के दो दिनों के अंदर 2 शराब अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### युवक की हत्या का नहीं खुला राज

**कौशांबी।** शुक्रवार की रात कौशांबी थाना क्षेत्र के सिंघवल गांव के मजरा में नलकूप में सो रहे युवक की फावड़ा मारकर हत्या कर दी गई थी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। अब तक पुलिस युवक हत्याकांड के खुलासे में आगे नहीं बढ़ सकी है आशंका के नाम पर कौशांबी थाना पुलिस ने 5 लोगों को अपने हिरासत में लिया है जिनसे पुलिस कड़ाई से पूछताछ कर रही है लेकिन इस हत्याकांड का खुलासा नहीं हो सका है।

# सड़क पर उतरे व्यापारी, किया प्रदर्शन



विरोध में सड़क पर उतरे व्यापारी प्रदर्शन करते हुए

**प्रतापगढ़।** जनपद में व्यापारियों संग हुई लूट और हत्या जैसी वारदात से नाराज होकर व्यापारी समाज ने सोमवार को बंदी का ऐलान किया। सोमवार को नगर इलाके की प्रमुख बाजारों में दुकानें बंद थी।दुकानदारों के साथ बाजार को बंद कर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने शहर की प्रमुख सड़कों पर बाइक जुलूस निकालकर व्यापारियों संग हुई वारदात की निंदा की।पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रकट किया। व्यापार मंडल के व्यापारियों ने बेखौफ बदमाशों की गिरफ्तारी न होने से नाराजगी जताई है।नगर में व्यापारियों के प्रदर्शन की वजह से प्रमुख सड़कों पर जाम के हालात बने रहे।

## नगर कोतवाल को लाइन हाजिर किया

**प्रतापगढ़।** आभूषण व्यापारी से लूट की वारदात के बाद नगर कोतवाली पुलिस घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद भी किसी संदिग्ध को नही पकड़ सकी। नाराज एसपी से नगर कोतवाल विपिन सिंह को लाइन हाजिर कर दिया।बीते सात जनवरी की सुबह श्याम बिहारी गली में दिन दहाड़े आभूषण व्यापारी सुरेश कुमार से नकाब पोश बदमाशों ने असलहों के दम पर लगभग 90 लाख रुपये का जेवर लूटा था।इस वारदात के बाद से पुलिस की फजीहत हो रही है।इस घटना के बाद से जांच में जुटी नगर कोतवाली पुलिस अभी तक घटना का खुलासा नही कर सकी।देर रात विभागीय समीक्षा बैठक के बाद नवागत एसपी शिव हरि मीणा ने नगर कोतवाल विपिन सिंह को लाइन हाजिर कर दिया।



आक्रोशित अधिवक्ताओं ने फूंका पुतला

## बिगड़ी कानून व्यवस्था से अधिवक्ताओं में आक्रोश

**प्रतापगढ़।** जनपद में बिगड़ी कानून व्यवस्था एवं श्याम बिहारी गली ,पट्टी में लूट, हत्या तथा अधिवक्ता अंजनी सिंहष्बाबाष के यहां हुई डकैती की वारदात का आज तक खुलासा न होने से अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है।व्यापारियों द्वारा पूर्ण बंदी के आह्वान के समर्थन में जुनियर बार एशोसिएशन(पुरातन)के अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद मिश्र एवं महामंत्री जय प्रकाश मिश्र ष्जे0पी0ष के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने यायिक कार्य से विरत रहने का फैसला लिया। अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रसाशन विरोधी नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान बार के महामंत्री जय प्रकाश मिश्र ने जिले की बिगड़ी कानून व्यवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शीघ्र से शीघ्र कानून व्यवस्था दुरुस्त करते हुए अधिवक्ता अंजनी सिंह के यहां हुए लूट की घटना की पुलिस यदि खुलासा नही करती है तो अधिवक्ता उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।उन्होंने व्यापारियों के पूर्ण बंदी का समर्थन करते हुए कहा कि जिस तरीके से व्यापारियों के साथ दिन दहाड़े लूट और और सरेराह लूट हत्या हो रही है उससे व्यापारी ही नही अपितु समूचे जनपद की जनता भयभीत है।इस दौरान डीएम का घेराव कर बिगड़ी कानून व्यवस्था में सुधार लाने की मांग किया। प्रदर्शन के दौरान चंद्रकांत यादव, विवेक शुक्ल,शिव प्रकाश मिश्र,रूरल बार के प्रदेश अध्यक्ष मुक्तेश्वर नाथ ओझा उर्फ मक्कू ओझा, राघवेंद्र प्रताप सिंह,दीपक मिश्रा, दिनेश पांडेय, प्रशान्त गुप्ता,बागीस मिश्र,दिवाकर सिंह,गुलजार हुसैन,प्रवीण चतुर्वेदी आदि सैकड़ों अधिवक्ता शामिल रहे।

## रानीगंज तहसील मुख्यालय के चैराहे पर शराबियों का आतंक

**ट्रामा सेंटर बना शराबियों का अड्डा,शराबियों के आतंक से त्रस्त रहते है बाजार के लोग**

**रानीगंज।** स्थानीय थाने से मात्र सौ मीटर और सी ओ ऑफिस से चंद कदमों की दूरी पर बीच बाजार में बना दारू का ठेका स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बन चुका है। आए दिन शराबियों द्वारा दुकानदार से अभद्र व्यवहार और उनके सामानों को नुकसान पहुंचाने की घटनाये होती रहती है। शराब पीने के बाद शराबी आपस में ही नही लडते झगड़ते,राह चलाने वाले राहगीर भी उनकी अभद्र टिप्पणी और अश्लील हरकतों के शिकार होते रहते है।इन सबके बावजूद स्थानीय पुलिस प्रशासन नशे में चूर और स्थानीय लोगो के लिये परेशानी का सबब बने इन अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने से बचती रहती है। ठेके पर सुबह से शाम तक शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। ठेके के सामने बना ट्रामा सेंटर शराबियों का अड्डा बन चुका है। अक्सर ट्रामा सेंटर जाते समय शराब की बोतलों की लाइन लगी दिखायी देती है। कुछ लोग कैम्पस में बैठकर शराब पीते भी दिखाई देते हैं।ट्रामा सेंटर के ही कंपाउंड में क्षेत्राधिकारी रानीगंज का ऑफिस भी है लेकिन इन शराबियों को पुलिस का भी कोई भय नहीं होता। रानीगंज के व्यापारी व स्थानीय लोगों ने शराब के ठीक को कही और स्थापित कराया जाय जिससे बाजार के व्यापारियों, स्थानीय लोगों के परिवारों को सुरक्षित माहौल मिल सके।

# पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रत्यासी को लाठियों से पीट किया मरणासन्न

**कौशाम्बी।** पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव के पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रत्यासी चायल को बीती रात अज्ञात बदमाशों ने कुसुवा फाटक से कुछ कदम की दूरी पर लाठी डंडों से पीटकर मरणासन्न कर दिया है। परिजनों को जानकारी होने पर गंभीर अवस्था में घायल पीड़ित को प्रयागराज जनपद के एक निजी हॉस्पिटल में एडमिट कर दिया है। जहां पर उनका इलाज सकुशल चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रत्यासी चायल प्रदीप कुमार कनौजिया पुत्र बसंत लाल उम्र लगभग 40 वर्ष जमीन खरीद फरोख्त का कार्य भी करते हैं। प्रयागराज जनपद के मुंडेरा किसी काम के सिलसिले में गए थे। वापस लौटते समय रात 8 बजे कुसुवा फाटक से कुछ कदम की दूरी पर राम खेलावन स्कूल के पास दर्जनों की संख्या में घात लगाए बैठे अज्ञात बदमाशों ने लाठी डंडा व लोहे की रॉड से हमला बोल दिया। मरणासन्न की हालत में अज्ञात बदमाशों ने फोर व्हीलर की लाइट देखकर भाग गए।

### कहीं ऐसा तो नहीं इस हमले को चुनावी रंजिश का दिया जा रहा हो रूप

**कौशाम्बी।** प्रदीप कुमार कनौजिया के ऊपर अज्ञात बदमाशों ने हमला कर जान लेने की कोशिश की है लेकिन फोर व्हीलर की लाइट देखकर मरणासन्न की हालत में वहीं छोड़कर भाग गए। इस हमले के पीछे पुरानी रंजिश भी हो सकती है। गांव में प्रधानी का चुनाव भी नजदीक है कहीं ऐसा तो नहीं मौका देखकर किसी प्रत्याशी को निशाना बनाकर हमला किया गया हो और इस हमले को चुनावी रंजिश होने का रूप दिया जा रहा हो। प्रदीप कुमार कनौजिया के भतीजे को लेकर गांव के ही एक व्यक्ति से कुछ महीने पहले झगड़ा हुआ था। मामला काफी तूल पकड़ लिया था लेकिन बाद में सुलह समझौता भी हो गया था और इस झगड़े से पहले पड़ोसी गांव में भी एक छोटे बच्चे को लेकर काफी विवाद हुआ था उसमे भी सुलह समझौता हो गया था लेकिन इन दोनों झगड़ों में कहीं ना कहीं अंदर ही अंदर विवाद की चिंगारी सुलग रही थी जो गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## बंदरों के झुंड ने खदेड़ा छत से नीचे गिरी महिला हुई मौत

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा का कनवार के मजरे मकरीबाग में छत में बैठे बंदरों के झुंड को महिला ने भगाने का प्रयास किया ,बंदरों के झुंड ने महिला को खदेड़ लिया जिससे महिला दो मंजिला मकान से नीचे आ गयी। जानकारी के अनुसार मकरी बाग में बंदरों के कई झुंड हैं बीते शुक्रवार को एक झुंड राममनोहर के छत पर बैठा था जिसे राममनोहर की पत्नी कलुई उम्र करीब 55 वर्ष भगाने का प्रयास किया बंदर भागने के बजाय महिला को ही दौड़ा लिया महिला डर कर भागी संतुलन खोते हुए छत से नीचे बैर के पेड़ पर गिरते हुए जमीन पर आ गिरी जिससे महिला गंभीर घायल हो गयी जिसे परिजनों ने स्थानीय अस्पताल के दिखाया किंतु स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती करवा दिया किंतु महिला की उपचार के दौरान रविवार को मौत हो गयी जिसका परिजनों ने आज अंतिम संस्कार कर दिया है।वहीं ग्रामीणों सहित हीरालाल मौर्य ने बताया पूरा मजरा बंदरो के आतंक से परेशान हैं ।किसी न किसी को बंदर काट कर घायल कर देते हैं ग्रामीणों ने बंदरों के आतंक से बचाने के लिए प्रशासन से अनुरोध किया है।

## दबंगों ने युवक पर लाठी-डंडे से हमला कर किया लहूलुहान

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के शुक्लन पुरवा गांव में आपसी विवाद को लेकर लाठी-डंडे से हमला कर एक युवक को दबंगों ने घायल कर दिया है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुला लिया है इस हमले में रवि शुक्ला को चोटे आई हैं। मिली जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के शुक्लन पुरवा गांव के बब्बू शुक्ला पप्पू शुक्ला पुत्र गुरुप्रसाद आदि लोगों ने सोमवार की सुबह मामूली बात पर रवि शुक्ला की लाठी-डंडों ईट पत्थर से हमला कर दिया है पीड़ित रवि शुक्ला का आरोप है कि दबंगो ने घर पर चढकर कुल्हाडी से जानलेवा हमला किया है हंड्रेड डायल की पुलिस मौके पर पहुंची है। जानकारी के मुताबिक तीन दिन पहले पानी भरने के विवाद में दोनों पक्ष में झगड़ा हुआ था तीन दिन पहले के झगड़े में भी थाने को सूचना दी गई थी उसके बाद गांव वालो ने बीच-बचाव कर दोनों के बीच के विवाद के मामले को शांत करा दिया था फिर आज दोनो पक्ष के बीच पुराने विवाद को लेकर सुबह झगड़ा हुआ जिसमें रवि को बब्बू ने लाठी डंडे ईट से सर में वॉर किया है इस हमले में रवि को गंभीर चोटें आई हैं इस मामले में करारी पुलिस की लापरवाही उजागर हुई है करारी पुलिस पहले हुए हमले के मामले में गंभीर हो गई होती तो दोनों पक्षों के बीच दोबारा हमला ना हुआ होता।

## घिनौनी राजनीति के शिकार हुए प्रयागराज राज्य विश्व विद्यालय के छात्र

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के बी एस मेहता महा विद्यालय के साथ प्रयागराज राज्य विश्विद्यालय ने एक गन्दी घिनौनी राजनीति का परिचय देते हुए यहां के छात्रों के साथ बिना परीक्षा दिए छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए नम्बरो को गलत तरीको से देकर बहुत ही घिनौना खेल खेला है। जिसके चलते छात्रों सहित कॉलेज के अध्यापकों में भी जबरदस्त आक्रोश है वही कॉलेज के मेहनती व पढ़ने वाले छात्रों को गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष कोरोना काल के चलते बिना परीक्षा कराए काफी बच्चो को बहुत कम अंक देकर मेहनती छात्रों के साथ उनकी क्षमता को आंकना ठीक नही है। वहीं तमाम आक्रोशित छात्रों में नंबर देने वाले अध्यापको के खिलाफ आर टी आई दाखिल कर वास्तविकता की सूचना मांगेंगे और कानून के तहत कार्यवाही करते हुए विभाग से दोषियों को दंडित करने की मांग करेंगे आक्रोशित छात्रों का कहना है कि शिक्षा विभाग बताएं कि किस मानक और आधार पर अयोग्य छात्रों को अधिक नंबर दिए गए हैं और योग्य छात्रों का नंबर कम कर दिया गया है विभाग के पास यह कौन सा मानक है।

### खिड़की तोड़कर विद्यालय में घुसे अराजक तत्वों ने अभिलेखों में लगाई आग

**भरवारी कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बालक मऊ के एक विद्यालय में खिड़की तोड़कर आधी रात को अराजक तत्व विद्यालय के अंदर घुस गए हैं और विद्यालय के अभिलेखों में आग लगा दिया है जिससे विद्यालय के अभिलेख जल गए हैं विद्यालय के प्रधानाचार्य दीनानाथ पांडेय ने कोखराज थानेदार को तहरीर देकर आराजक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

## 24वें राष्ट्रीय युवा उत्सव का वर्चुअल स्वरूप में प्रधानमंत्री 12 जनवरी को करेगें उद्घाटन

**प्रतापगढ़।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी अरूण कुमार सिंह ने अवगत कराया है युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिनांक 12 जनवरी से 16 जनवरी तक आयोजित किये जाने वाले 24वें राष्ट्रीय युवा उत्सव का इस वर्ष वर्चुअल स्वरूप में उद्घाटन लोक कल्याण मार्ग नई दिल्ली में मा0 प्रधानमंत्री जी भारत सरकार द्वारा वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से जिसका मिनट टू मिनट कार्यक्रम दिनांक 12 जनवरी 2021 को प्रातः 10 बजे वेब-कास्ट लिंक पर प्रसारित होगा। उन्होने बताया है कि जनपद के युवा एवं विकास खण्डों के युवक एवं महिला मंगल दल के पदाधिकारी सदस्य दिनांक 12 जनवरी को वर्चुअल स्वरूप में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव 2021 के वेबकास्ट लिंक से जुड़कर लाभान्वित हो।




पुलिस की गिरफ्त में आरोपीगण

# चोरी के फोन, तमंचा व कारतूस संग दो गिरफ्तार

**कुंडा।** दुकान पर बैठकर चाय पी रहे युवक का मोबाइल लेकर भागे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से तमंचा, कारतूस व चोरी का मोबाइल भी बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया।कुंडा कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर ददौरा गांव के तूफान यादव पुत्र लल्लू यादव रविवार सुबह करीब नौ बजे बरई नहर पुल पर एक दुकान पर बैठा चाय पी रहा था। इस दौरान बाइक सवार दो युवक पहुंचे और उसका मोबाइल लेकर भाग निकले। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी तो पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर उचक्कों की तलाश करने लगी। देर शाम मनगढ़ चैकी इंचार्ज विनीत उपाध्याय हिसामपुर मनगढ़ बैरियर पर वाहनों की चेंकिग कर रहे थे। इस बीच दोनों युवक बाइक से आते दिखे। रोकने पर बाइक मोड़ कर भागना चाहा तो पुलिस ने दौड़ाकर दोनों को पकड़ लिया। पकड़े गए दोनों युवक वीरेंद्र कुमार सरोज, मिथलेश कुमार सरोज निवासी कुटिलिया सराय थाना महेशगंज के हैं। उनके कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा दो कारतूस और चोरी किया गया मोबाइल बरामद किया। पुलिस ने दोनों युवको के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया।

## पति से प्रताड़ित विवाहिता ने मौत को लगाया गले, केस



मृतका प्रीती

**प्रतापगढ़।** प्रताडना के चलते विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के केस मे पुलिस ने पति के खिलाफ प्रताडना के चलते आत्महत्या के लिए विवश करने का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के अचकवापुर गांव मे सोमवार की सुबह विवाहिता का शव फंदे से लटका देख परिजन सकते मे आ गये। गांव के मदन सरोज की पत्नी प्रीती ने रविवार की रात पति से कहासुनी के बाद फांसी लगा ली। सुबह प्रीती के फांसी के फंदे पर झूलने की सूचना उसके मायके कटकाबली पहुंची तो मृतका का भाई सोनू बिलखते हुए घटनास्थल पर पहुंचा। इधर सूचना मिलने पर भोर मे ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। मृतका के भाई सोनू ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसकी बहन प्रीती को आये दिन पति मदन परेशान किया करता था। आरोप है कि मृतका का पति मदन कई महिलाओं से फोन तथा व्हॉटस्प पर आपत्तिजनक बात किया करता था। इसे लेकर प्रीती पति का विरोध किया करती थी। रविवार की रात भी मृतका का पति मदन कहीं जाने को निकला तो प्रीती ने रात मे उसके घर से बाहर जाने पर विरोध जताया। सूत्रों के मुताबिक प्रीती ने पति से इस प्रकार की प्रताड़ना का कई बार विरोध जता रखा था। देर रात प्रीती अपने कमरे मे गई और फांसी के फंदे पर झूल गयी। सुबह प्रीती का फंदे पर लटकता शव देख चीखपुकार मच गयी। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति मदन के खिलाफ प्रताडना के चलते आत्महत्या का केस दर्ज किया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए उसे जिला मुख्यालय भेजवाया। इधर सूत्रों के मुताबिक मृतका के पति को हिरासत मे लेकर घटना के बाबत पूछताछ मे जुटी हुई है।



टीकाकरण को लेकर जानकारी लेते विधायक

# विधायक ने टीकाकरण की तैयारियों का लिया जायजा

**रानीगंज।** क्षेत्रीय विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा ने ट्रामा सेंटर में कोविड19 के टीकाकरण की तैयारियों का जायजा लिया।डेमो के रूप में विधायक को भी कोविड 19 का टीकाकरण किया गया।इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया,जहाँ पर उन्होंने उपस्थिति पंजिका और आयुष्मान वॉर्ड का निरीक्षण किया। कई दिनों सेअनुपस्थित चल रहे वार्ड बॉय अभिषेक मिश्रा के संबंध में तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने के लिए सीएमओ प्रतापगढ़ डा0 ए के श्रीवास्तव को निर्देश दिया।इसके पहले सुबह करीब 10 बजे कोविड-19 के ड्राई रन को लेकर रानीगंज ट्रामा सेंटर में तैयारियां की गई थी।पहले कोविड 19 डेमो टीकाकरण के रूप में डॉक्टर पंचदेव सिंह का टीकाकरण किया गया।मौके पर कुल 43 लोगो का डेमो कोविड-19 टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर चीफ फार्मासिस्ट आरसी वर्मा,बीपीएम दीपक श्रीवास्तव,अंकित पांडे, दुर्गेश मिश्र,शोभा यादव,अंकिता, पूनम सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# चौकी की सरपरस्ती में अवैध घाट पर गरज रही जेसीबी

**कौशाम्बी।** जिले में लाल बजरी वाली बालू जहां बड़े राजस्व को देने का काम कर रही है। वही यही बालू अवैध माफिया को भी फलने फूलने का पूरा मौका दे रही है, यही नहीं पैसे की लालच में यह बालू अब खाकी वर्दी को भी दागदार कर रही है। ताजा मामला कौशाम्बी थाना क्षेत्र के गुरौली चौकी के पास स्थित छेकवा घाट का बताया जा रहा है। जहां पुलिस की परमिशन पर प्रतिदिन जेसीबी दहाड़ रही है मामले की शिकायत पूर्व में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों से किया था लेकिन इस पर कार्रवाई नहीं हुई। जिससे अब लोगों के मन में सवाल गूंज रहे हैं कि आखिर कैसे बिना पट्टे की खुलेआम अवैध खनन हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां पर स्थानीय पुलिस के परमिशन पर जेसीबी से खुलेआम ट्रैक्टरों व ट्रकों में बांग्ला दी जाती है।



चौकी पुलिस की सरपरस्ती में अवैध घाट में गरज रही जेसीबी

### छेडखानी का आरोप एसपी से शिकायत

**कौशाम्बी।** कोखराज कोतवाली क्षेत्र निवासिनी एक महिला ने सोमवार को एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि कि पड़ोस का ही एक युवक उसके साथ जोर जबरदस्ती किया, थाना पुलिस से शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। आरोपी गांव में घूम-घूम कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। थाना क्षेत्र के बम्हरौली गांव निवासिनी महिला का आरोप है कि ६ जनवरी को वह गांव के बाहर शौच के लिए गई थी, वापस आते समय पड़ोस का ही एक युवक रास्ते में उसके साथ छेडखानी करने लगा। विवाहिता ने शोरगुल किया तो दबंग वहां से फरार हो गया। घर आने के बाद परिवारीजनों के साथ महिला ने मामले की तहरीर थाना पुलिस किया दिया, पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने से दबंग के हौसले बुलंद हो गए और वह गांव में अब जान से मारने की धमकी दे रहा है।

# हवन यज्ञ भंडारे के साथ भागवत कथा संपन्न

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम चांदेराई में सप्ताहिक श्रीमद्भागवत भागवत कथा सोमवार को संपन्न हो गयी। कथा के समापन के अवसर पर हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। भागवत कथा का आयोजन नवीन संस्कार सेवा समिति की ओर जिला पंचायत अध्यक्ष अवध रानी व उनके पुत्र जगजीत सिंह के सौजन्य से करवाया गया था। कथा व्यास पं. नागेन्द्र गुरु जी ने 7 दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। आचार्य पं. नागेन्द्र गुरु जी ने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुगुर्णों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। कथावाचक आचार्य पं. नागेन्द्र गुरु ने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला प्र का अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन। जिसे हम सब प्रसाद कहते हैं। हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन बुद्धि व चित को निर्मल कर देता है। मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है।



भागवत कथा के समापन अवसर पर हवन करते